आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 27.09.2024 समय : 09:00 ए.एम.

..........................

- देश में न्यूनतम वेतन दर में बढोतरी की घोषणा– नई दरें 1 अक्टूबर से होगी लागू।
- विश्व पर्यटन दिवस आज–देश–प्रदेश में पर्यटकों के लिए विभिन्न आयोजन।
- एम्स की तर्ज पर विकसित होगा जयपुर का आरयूएचएस अस्पताल–चिकित्सा मंत्री ने कार्य योजना तैयार करने के दिए निर्देश।
- राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की स्नातक स्तर की समान पात्रता परीक्षा आज और कल दो पारियों में।

..........................

केंद्र सरकार ने देश में न्यूनतम वेतन दर में बढोतरी करने की घोषणा की है। नई वेतन दरें 1 अक्टूबर से लागू होंगी। न्यूनतम वेतन दर अत्यधिक कुशल, कुशल, अर्द्धकुशल और अकुशल स्तरों के आधार पर वर्गीकृत की गई हैं। संशोधन के बाद निर्माण, सफाई, स्वच्छता और लदान–उतरान के कार्य से जुडे अकुशल कामगारों के लिए न्यूनतम मजदूरी 783 रुपए प्रतिदिन होगी। वहीं अर्द्धकुशल कामगारों के लिए न्यूनतम मजदूरी 868 रुपए रोजाना होगी। कुशल, लिपिक और निशस्त्र गार्ड के लिए न्यूनतम वेतन 954 रुपए प्रतिदिन होगा। अत्यधिक कुशल कामगारों और सशस्त्र गार्ड के लिए न्यूनतम वेतन एक हजार 35 रुपए प्रतिदिन तय किया गया है।

..........................

ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स–जीआईआई 2024 में 133 वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में भारत 39वें स्थान पर पहुंच गया है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत मध्य और दक्षिणी एशिया की 10 अर्थव्यवस्थाओं में पहले स्थान पर है और निम्न–मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं में पहले स्थान पर है तथा डब्ल्यूआईपीओ विज्ञान और प्रौद्योगिकी (एस एंड टी) क्लस्टर रैंकिंग में चौथे स्थान पर है। मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु और चेन्नई को विश्व के शीर्ष 100 एस एंड टी क्लस्टर में सूचीबद्ध किया गया है।

..........................

केन्द्र सरकार ने नागरिकों की आधार और पैन की जानकारी को इंटरनेट पर उजागर करने वाली वेबसाइट्स पर प्रतिबंध लगा दिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने ऐसे कुछ वेबसाइट्स की पहचान की है जो नागरिकों की निजी संवेदनशील पहचान सहित आधार और पैन की जानकारी उजागर कर रही थीं। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने इस मामले में आधार अधिनियम, 2016 की धारा 29(4) के तहत मामला दर्ज किया है। इसके अलावा भारतीय कम्पयूटर आपातकालीन टीम ने इन वेबसाइट्स में सुरक्षा की कुछ कमियां पाई हैं। संबंधित वेबसाइट के मालिकों को जरूरी कार्रवाई और साईट में परिवर्तन करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

..........................

आज विश्व पर्यटन दिवस है। लोगों को एक दूसरे से जोड़े रखने और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में पर्यटन की भूमिका को दर्शाने के उद्देश्य से हर साल 27 सितम्बर को यह दिवस मनाया जाता है। इस साल का विषय है– पर्यटन और शांति। पर्यटन मंत्रालय की ओर से आज नई दिल्ली में विश्व पर्यटन दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इस कार्यकम में सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव पुरस्कार के विजेता की घोषणा भी की जाएगी। इधर प्रदेश में भी विश्व पर्यटन दिवस पर विभिन्न आयोजन हो रहे है। इस अवसर पर पर्यटकों के लिए आज विभिन्न पर्यटन स्थलों में प्रवेश निशुल्क रहेगा। हमारे जयपुर शहर संवाददाता ने बताया कि आज सुबह आमेर महल के पीछे सागर कुंड पर स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें पर्यटन विभाग और कई संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। साथ ही आज आमेर महल, नाहरगढ़, हवा महल, जंतर मंतर और अल्बर्ट हॉल पर पर्यटकों का स्वागत माला पहनाकर किया जाएगा।

..........................

आज भरतपुर में पर्यटन विभाग की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किये जा रहे है। केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान घना में आज सुबह से ही पर्यटकों का रोली चावल से तिलक लगाकर माल्यार्पण कर

स्वागत किया जा रहा है। पर्यटकों और विद्यार्थियों के लिए राजकीय संग्रहालय में निशुल्क प्रवेश रहेगा। वहीं विभाग की ओर से रेलवे स्टेशन पर देशी विदेशी पर्यटकों का परंपरागत तरीके से टीका लगाकर स्वागत किया गया। सवाईमाधोपुर में भी रेल्वे स्टेशन पर देशी विदेशी पर्यटकों का परम्परागत रूप से स्वागत किया जा रहा है। अजमेर में भी आज राजकीय संग्रहालय और स्मारकों में प्रवेश निःशुल्क है। जैसलमेर में ग्रामीण हाट स्थित दी थार हेरिटेज म्यूजियम आमजन और पर्यटकों के अवलोकन के लिए खुला रहेगा। इस दौरान साहित्यकार और इतिहासकार संरक्षित लोक कलाओं तथा विरासत पर अपना व्याख्यान भी पेश करेंगे।

..........................

चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय आरयूएचएस से संबद्ध अस्पताल को एम्स की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। श्री खींवसर ने कल एक समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को इसके लिए प्रभावी एक्शन प्लान बनाते हुए जल्द काम शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यह काम चरणबद्ध रूप से समय सीमा में पूरा किया जाएगा। साथ ही, आरयूएचएस अस्पताल में सुपर स्पेशलिटी सेवाओं के लिए आवश्यक स्टाफ की भी जल्द नियुक्ति की जायेगी। चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रिम्स के विकास के लिए होने वाले निर्माण कार्यों, जांच और उपचार के लिए उपकरणों तथा चिकित्सकों और अन्य स्टाफ की आवश्यकताओं का आकलन कर एक एक्शन प्लान तैयार करें। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि रिम्स के रूप में इस संस्थान का विकास होने से न केवल जयपुरवासियों बल्कि प्रदेशभर से आने वाले रोगियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं सुलभ होंगी।

..........................

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने राज्य और केंद्र–शासित प्रदेशों से कहा है कि वे मंकीपॉक्स बीमारी के बारे में जागरुकता बढाने वाली गतिविधियां आयोजित करें। एक परामर्श में मंत्रालय ने राज्यों से निगरानी बनाये रखने का अनुरोध किया है। मंकीपॉक्स की जांच के लिए संचालित प्रयोगशालाओं की सूची भी दी गई है। मंत्रालय ने सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों का आकलन करने का निर्देश दिया है, जिसकी समीक्षा राज्य और जिला दोनों स्तरों पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जाएगी। मंत्रालय ने संदिग्ध और पुष्ट मामलों के लिए अस्पतालों में आइसोलेशन की सुविधा का भी प्रबंध करने को कहा है।

..........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज जानकारी देने जा रहे हैं सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम–एमएसएमई क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धियों के बारे में।

..........................

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की 2024 के लिए स्नातक स्तर की समान पात्रता परीक्षा आज और कल दो पारियों में आयोजित की जा रही है। पहली पारी सुबह 9 बजे से 12 बजे तक और दूसरी पारी 3 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित होगी। जयपुर में इसके लिए 149 केन्द्र बनाये गये है। प्रत्येक चरण में 50–50 हजार अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। सवाईमाधोपुर में इस परीक्षा के लिए 30 केन्द्र निर्धारित किये गये है। जिला मुख्यालय पर परीक्षा के सफल आयोजन के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

..........................

केन्दीय गृह राज्य मंत्री श्री बंडी संजय कुमार ने कहा है कि केदियों के सुधार और बहेतर पुनर्वास के लिए 130 वर्ष पुराने जेल अधिनियम को बदलकर नया कानून लाया गया है। ये कानून केदियों को उनकी योग्यता के आधार पर कौशल प्रदान करने और रिहाई के बाद रोजगार प्रदान करने में लाभदायक होगा।

..........................